राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री बागडे ने खोले के हनुमान मंदिर में 'श्री हनुमन्त जन्मोत्सव' आरती समारोह में भाग लिया

जयपुर, 12 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को श्री हनुमान जयंती पर्व पर खोले के हनुमान मंदिर में श्री नरवर आश्रम सेवा समिति श्री खोले के हनुमानजी प्रन्यास द्वारा आयोजित 'श्री हनुमन्त जन्मोत्सव' आरती समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी की पूजा–अर्चना कर आरती उतारी।

इससे पहले उन्होंने वहाँ पर श्री राम दरबार के भी दर्शन किए और सभी के सुख–समृद्धि और मंगल की कामना की।

——————





